उत्तर प्रदेश शासन
प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–2
संख्या– 2228 /सोलह–2-2010-33(E)/09T.C.I
लखनऊ : दिनांक :: 30.12.2010

कार्यालय ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राजकीय पालीटेक्निक, उ0प्र0 में प्रवक्ता इन्फारमेशन टेक्नालाजी के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियमित चयन के फलस्वरूप लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद की संस्तुति के आधार पर श्री उदय प्रताप सिंह पुत्र श्री मेजर सिंह की नियुक्ति/तैनाती शासन की विज्ञप्ति संख्या–1389/सोलह–2–2010–18(ई)/2003, दिनांक 09.09.2010 द्वारा छत्रपति शाहूजी महाराज राजकीय पालीटेक्निक, अम्बेडकरनगर में इस शर्त के साथ की गयी थी कि वे अपना कार्यभार इस आदेश के निर्गत होने के दिनांक से एक माह के अन्दर अवश्य ग्रहण कर लें अन्यथा उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी।

2– शासन द्वारा निर्गत उक्त तैनाती आदेश के उपरान्त श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा निर्धारित अवधि में कार्यभार ग्रहण न करके, अपने पत्र दिनाक 18.09.2010 के माध्यम से अनुरोध किया गया कि वह केन्द्रीय विद्यालय मुजफ्फरपुर में कार्यरत हैं, उनके द्वारा उक्त संस्थान से कार्यमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है। अतः उन्हें कार्यभार ग्रहण करने हेतु दिनांक 08.11.2010 तक का समय प्रदान कर दिया जाय। उक्त के परिप्रेक्ष्य में श्री उदय प्रताप सिंह के कार्यभार ग्रहण करने की तिथि दिनांक 9.11.2010 तक बढा दी गयी थी।

3– श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा पुनः अपने पत्र दिनांक 26.10.2010 द्वारा अनुरोध किया गया कि उनका त्यागपत्र दिनांक 15.12.2010 द्वारा स्वीकार किया गया है। अतः उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि दिनांक 31.12.2010 तक बढा दी जाय। उक्त अनुरोध के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त उन्हें छत्रपति शाहूजी महाराज राजकीय पालीटेक्निक, अम्बेडकरनगर में प्रवक्ता इन्फारमेशन टेक्नालाजी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की अवधि दिनांक 31.12.2010 तक बढायी जाती है। यदि श्री सिंह द्वारा उक्त निर्धारित अवधि तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया जाता है तो उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी।

राम गणेश
विशेष सचिव।

संख्या– (i)/सोलह–2–2010, तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।

P.T.O.

APPOINTMENT